विचार किया जाये अतः एक सर्वसम्मत हल ढूंढने के प्रयत्न जारी रखने के लिए योजना, पेट्रोल तथा रसायनिक और समाज कल्याण मंत्री की अध्यक्षता में एक समिति नियुक्त की गई जिसमें आसाम के मुख्य मंत्री तथा बैठक में से उपस्थित अन्य सदस्यों में से भी कुछ शामिल थे। इस समिति को 31 अगस्त, 1967 तक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए समय दिया गया है।

तांबे के तार की चोरी

5377. श्री निहाल सिंह :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री यशवन्त सिंह कुशवाह :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मुरादाबाद में हाल ही में टेलीफोन के तार काटने वाले कुछ व्यक्ति गिरफ्तार किये गये हैं और उनसे 110 किलोग्राम तांबे की तार बरामद हुई है; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में कितने व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है और क्या कार्यवाही की गई है ?

संसद्-कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) जी हां। मुरादाबाद में फरवरी, 1967 से जून, 1967 तक पांच भिन्न-भिन्न मौकों पर टेलीफोन का तार काटने के सम्बन्ध में 17 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है और उनसे 548 किलोग्राम तांबे का तार बरामद किया गया है।

(ख) एक मामले को छोड़कर, जो अदालत में अनिर्णीत पड़ा है इन सभी मामलों में पुलिस प्राधिकारियों द्वारा जांच की जा रही है।

Kendriya Sanskrit Vidyapeetha, Tirupati

5378. **Shri Ram Charan:**
Shri Baidhar Behera:

Will the Minister of Education be pleased to state:

(a) the number of posts in the Kendriya Sanskrit Vidyapeetha, Tirupati, Chittor District (Andhra Pradesh) which have been filled up through the Employment Exchange and the number filled up by the Directors of Vidyapeetha directly;

(b) whether it is a fact that the teachers appointed through the agencies other than the Employment Exchanges do not have requisite qualifications; and

(c) if so, the action Government propose to take in the matter?

The Minister of State in the Ministry of Education (Shri Bhagwat Jha Azad): (a) No posts were filled up directly by the Director himself. All appointments were made either through the Employment Exchange or by making an open selection through duly constituted Selection Committees.

(b) No, Sir.

(c) Does not arise.

मेरठ और बड़ौत के बीच टेलीफोन करने का शुल्क

5379. श्री महाराज सिंह भारती : क्या संचार मंत्री 21 जून, 1967 के अतारांकित प्रश्न संख्या 3123 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मेरठ और बड़ौत के बीच की दूरी कितनी है तथा दूरी के अनुसार मेरठ से बड़ौत को टेलीफोन करने का कितना शुल्क होता है और वास्तव में कितना शुल्क वसूल किया जाता है;